Seventeenth Loksabha

>

Title: Regarding maintenance of Rajgir in Nalanda.

श्री कौशलेन्द्र कुमार (नालंदा): सभापति महोदय, मेरा संसदीय क्षेत्र नालंदा इतिहास का गौरव है । राजगीर में कुश्ती का इतिहास बहुत पुराना है । द्वापर काल से यहां इसका इतिहास मिलता है । मगध सम्राट जरासंध इसी अखाड़े में खुद दांव आजमाते रहे हैं । इसी अखाड़े में मगध सम्राट समेत एक से बढ़ कर एक योद्धाओं ने दांव आजमाए हैं । द्वापर काल में महाभारत शुरू होने से पहले जरासंध और कुंती पुत्र भीम के बीच 18 दिनों तक मल्लयुद्ध हुआ था । आज इसके रख-रखाव काफी खराब है । मैं आपके माध्यम से भारत सरकार से आग्रह करूंगा कि इसके रख-रखाव पर ध्यान दिया जाए और सौंदर्यीकरण कराया जाए ।